दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 117
मुरादाबाद
19 August 2025
(Tuesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को किया फोन, अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक पर चर्चा



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, बैठक में युद्ध विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। अब रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को फोन करके बैठक के बारे में जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। फोन कॉल पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है। इस संबंध में सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है। पुतिन-ट्रंप की बैठक बेनतीजा रहने का भारत पर असर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनकी तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ का असर देखने को मिला है और पुतिन इसी वजह से उनके साथ बैठक के लिए तैयार हुए हैं। ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट न्यूज इंटरव्यू में चेतावनी दे चुके हैं कि अगर पुतिन और ट्रंप की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलता है तो भारत को ज्यादा टैरिफ के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे में अलास्का बैठक के बाद भारत का अपने सबसे बड़े निर्यात केंद्र (अमेरिका) से आगे भी व्यापार में संघर्ष जारी रह सकता है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर मुझे भारत पर और टैरिफ लगाने पड़े तो मैं जरूर करूंगा, लेकिन हो सकता है कि मुझे ऐसा करने की जरूरत न पड़े।%

संक्षिप्त समाचार

अंतरराष्ट्रीय धाविका को लगा झटका: नीरू ने दौड़ में जीता स्वर्ण पदक, फिर भी नहीं बन पाई यूपी टीम का हिस्सा

नियमानुसार स्वर्ण पदक जीतने वाले का नाम प्रदेश की टीम में होता है। इतना ही नहीं अलीगढ़ के संदीप चौधरी का नाम भी यूपी टीम में नहीं है। उन्होंने भी 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। अलीगढ़ से हैमर थ्रो में श्रुति का नाम यूपी टीम में है लेकिन वह अलीगढ़ की नहीं हैं।यूपी स्टेट चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भी अंतरराष्ट्रीय धाविका नीरू पाठक राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए यूपी टीम का हिस्सा नहीं बन पाईं। उन्हें बड़ा ही अरमान था कि वह अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश के लिए न सिर्फ दौड़ेंगी, बल्कि स्वर्ण पदक भी जीतेंगी। इसके लिए उन्होंने दिल्ली छोड़ दिया था।छह साल पहले नीरू पाठक अलीगढ़ छोड़कर दिल्ली अभ्यास करने चली गई थीं और दिल्ली की ओर से दौड़ने लगीं। एएफआई से एनओसी मिलने के बाद 29 व 30 जुलाई को यूपी स्टेट चैंपियनशिप, लखनऊ में नीरू ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। उन्हें पूरी उम्मीद थी कि वह 20 से 23 अगस्त तक चेन्नई में होने वाली 64वीं सीनियर इंटर स्टेट राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। लेकिन जब यूपी की टीम बनी तो उसमें उनका नाम नहीं था। टीम में न चुने जाने पर नीरू को झटका लगा है।नियमानुसार स्वर्ण पदक जीतने वाले का नाम प्रदेश की टीम में होता है। इतना ही नहीं अलीगढ़ के संदीप चौधरी का नाम भी यूपी टीम में नहीं है।

संगीत सोम ने अफसरों को जमीन पर बैठाया, बोले- सपा-बसपा नहीं, योगी की सरकार है, इलाज कर देंगे

फौजी को पीटने पर बखेड़ा- मेरठ के गोटका गांव निवासी सेना के जवान कपिल की पिटाई के मामले में सोमवार को ठाकुर संगीत सोम भूनि टोल प्लाजा पर पहुंचे। अधिकारियों को जमीन पर बैठाकर खूब खरीखोटी सुनाई।गोटका निवासी सेना के जवान कपिल को पीटने के मामले में सोमवार को सरधना के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम टोल प्लाजा पर पहुंचे। संगीत सोम ने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडई नहीं चलेगी। अधिकारियों से कहा कि मेरठ डिस्ट्रिक्ट भगवान भरोसे चल रहा है, गुंडई चरम पर है, चद्दर तान कर मत सो।ग्रामीणों के बीच सड़क पर ही बैठकर संगीत सोम ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा, तो यहीं पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। उन्होंने एसपी देहात राकेश मिश्रा, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम उदित नारायण सेंगर समेत अन्य अधिकारियों को भी सड़क पर ही बैठा लिया और चेतावनी दी कि किसी की हैसियत नहीं, जो उन्हें धरने से उठा दे। इसीलिए तत्काल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सेना के जवान का अपमान बर्दाश्त नहीं संगीत सोम ने कहा कि यह सपा या बसपा की सरकार नहीं है। ये योगी जी की सरकार का है, दो मिनट में ऐसे लोगों को इलाज कर दिया जाएगा। सेना के जवान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुंडई नहीं चलने दी जाएगी। भूनी टोल प्लाज़ा पर ग्रामीणों के साथ घटना पर बैठे पूर्व विधायक संगीत सोम ने एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा को जमकर लताड़ लगाई और पुलिसिंग का तरीका सिखाया। उन्होंने कहा की वह यहां धरने पर नहीं आए हैं, अगर धरने पर बैठ गए तो एक लाख लोग उनके साथ बैठ जाएंगे। उधर एसपी देहात ने ग्रामीणों को समझाने को कहा तो संगीत सोम ने कहा कि आज मैं नहीं मनाऊंगा एसपी साहब, आज तुम मनाओ।

सीएम योगी ने कहा- मोबाइल कॉल जितनी सस्ती हो जाएगी रसोई गैस, घर-घर पहुंचाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 22 हजार मेगावाट रिन्यूवल एनर्जी स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। अब तक इस क्षेत्र में हम छह हजार मेगावाट तक पहुंचे हैं। रिन्यूवल एनर्जी के लिए किसी न किसी अन्य ऊर्जा की आवश्यकता होती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा है। यूपी में प्रचुर जल संसाधन होने के चलते इसके विकास की व्यापक संभावना है।

अभी यह ऊर्जा कुछ महंगी है लेकिन आने वाले समय में यह मोबाइल फोन कॉल जितनी सस्ती हो जाएगी।सीएम योगी रविवार को दोपहर बाद खजनी रोड पर खानीपुर गांव में टोरेंट कंपनी की तरफ से बनाए गए प्रदेश के पहले और देश के दूसरे हाइड्रोजन पॉवर प्लांट का उद्घाटन करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 22 हजार मेगावाट रिन्यूवल एनर्जी स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।अब तक इस क्षेत्र में हम छह हजार मेगावाट तक पहुंचे हैं। रिन्यूवल एनर्जी के लिए किसी न किसी अन्य ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हाइड्रोजन प्लांट इस कमी को दूर करेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और बीमारियों से बचाव में ग्रीन एनर्जी की बड़ी भूमिका होने जा रही है। इसमें यह प्लांट बड़ी भूमिका निभाएगा। टोरेंट ग्रुप के इस प्लांट में ग्रीन हाइड्रोजन और सीएनजी-पीएनजी की ब्लेंडिंग होगी। इसके बाद इसे घर-घर रसोई गैस के रूप में पहुंचाया जाएगा।

सीएम ममता का बड़ा एलान, रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को 5000 प्रति माह देगी सरकार

कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं।प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे।कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। मंत्रिमंडल ने वापस लौटने और अपना जीवन नए सिरे से शुरू करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद के लिए इस योजना को मंजूरी दे दी है। इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी कहकर जबरन बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के प्रवासी मजदूरों को दूसरी जगहों पर सिर्फ उनकी भाषा की वजह से परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि जब वह इसका विरोध करती हैं, तो कुछ लोग उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग का गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) लाने की कोशिश की जा रही है, जिसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के नाम पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ बंगाली भाषी मजदूरों को यह कहकर बांग्लादेश भेजा जा रहा है

पंडित नेहरू ने निजी महत्वाकांक्षा के आगे राष्ट्रीय हित की तिलांजलि दी; BJP के गंभीर आरोप

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए सिंधु जल संधि 1960 को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूल करार दिया है। उन्होंने ये भी कहा कि पंडित नेहरू ने निजी महत्वाकांक्षा के आगे राष्ट्रीय हित की तिलांजलि दे दी थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के सीरीज में लिखा- 1960 की सिंधु जल संधि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूलों में से एक थी, जिसमें राष्ट्रीय हितों को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की बलिवेदी पर रखा गया था। देश को यह जानना चाहिए कि जब पूर्व पंडित नेहरू ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तो उन्होंने एकतरफा तौर पर सिंधु बेसिन का 80 प्रतिशत जल पाकिस्तान को सौंप दिया था, जिससे भारत के पास केवल 20 प्रतिशत हिस्सा रह गया था। यह एक ऐसा निर्णय था जिसने भारत की जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को हमेशा के लिए खतरे में डाल दिया।संसद से राय नहीं ली गई- नड्डा जेपी नड्डा ने आगे लिखा- सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह संधि सितंबर 1960 में हस्ताक्षरित हुई, लेकिन संसद में इसे दो महीने बाद नवंबर में रखा गया। चर्चा भी केवल प्रतीकात्मक रही- सिर्फ 2 घंटे। संसद की अनदेखी ने पूरे राष्ट्र को आहत किया।कांग्रेस के नेताओं ने भी जताया विरोध जेपी नड्डा के अनुसार, नेहरू के इस फैसले का विरोध उनकी अपनी पार्टी के सांसदों ने किया। अशोक मेहता ने इस संधि को दूसरा विभाजन बताया था। वहीं ए.सी. गुहा ने पाकिस्तान को 83 करोड़ रुपये स्टर्लिंग देने की आलोचना करते हुए इसे मूर्खता की पराकाष्ठा करार दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि संसद को दरकिनार करना तानाशाही सरकार का रवैया है। अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि भाजपा अध्यक्ष ने आगे पोस्ट में बताया कि उस समय युवा सांसद अटल बिहारी वाजपेयी ने नेहरू के तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों को मान लेना दोस्ती की गारंटी नहीं हो सकता। उन्होंने साफ कहा कि सच्ची दोस्ती अन्याय पर नहीं टिक सकती। यदि पाकिस्तान की मांगों को ठुकराने से रिश्ते बिगड़ते हैं, तो ऐसा होना ही बेहतर है। कमजोर और जनभावना से बिल्कुल अलग थे नेहरू के तर्क जेपी नड्डा ने आगे लिखा- संसद में जब नेहरू ने संधि का बचाव किया तो उनके तर्क कमजोर और जनभावना से बिल्कुल अलग थे। उन्होंने राष्ट्रीय पीड़ा को हल्के में लेते हुए कहा- विभाजन किस चीज का? एक बाल्टी पानी का? उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों में संसद की राय लेना आवश्यक नहीं समझा गया। यही नहीं, उन्होंने विरोध करने वाले सांसदों की चिंताओं को संकुचित दृष्टिकोण कहकर खारिज कर दिया था। जेपी नड्डा ने आखिरी में लिखा- आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता के कारण उस ऐतिहासिक भूल का बोझ कम कर पाया है। मोदी सरकार ने सिंधु जल संधि को अस्थायी तौर पर रोककर कांग्रेस के उस गंभीर ऐतिहासिक अपराध को सुधारने की कोशिश की है।

संपादकीय Editorial

Vision in educational institutions

There are signs of education on every sky, whoever searched for it, found it there. It is a matter of happiness that the state government is concerned about the decreasing number of students in education and the stifled voice of educational institutions. If we want a new era Himachal, then we need new paths and new intentions. If the meeting in Shimla, which was reawakening education, dreamed that some special colleges are needed in future, then this caravan should gain momentum. Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu has expressed his desire to complete the outline of special colleges based on science, arts and sports. There is no dearth of government buildings in Himachal, only the introduction of quality in them is pending. Not only colleges but medical and other institutions should also be established and evaluated in terms of quality. The directorate of the fisheries department is located in Bilaspur, so was there ever a survey conducted on the demand for fish in Himachal departmentally? Did the department establish any alternative for supply during the prohibited months of fishing? In such a situation, we believe and we have been saying in these columns that the Nagarota Suriya College established on the banks of the Pong Dam should be made the State College of Fisheries Study. Not only this, if this college is provided with every facility and faculty in the form of a migratory bird study centre and a water sports centre, then the tourism economy related to the Pong Dam will also develop. The government built a paragliding school in Beed-Billing, but it would have been better if it was developed as the sports wing of the college in Baijnath or Jogindernagar. The two sports hostels of the Sports Authority of India in Dharamshala and Bilaspur became the source of their achievements, so to keep this feeling alive along with education, by establishing sports wings in the government schools and colleges here, titles of players can be ensured under a special curriculum. We believe and it is the need of the hour that the state should change the entire system to infuse new energy and quality under its existing structure. For example, instead of engaging the college of Hamirpur in various subjects of postgraduate studies, if State College of Defence Studies is made and an academy for admission in Defence Services is also started, then education from here will be related to admission in military, paramilitary and police services. If Amtar Cricket Stadium of Naidun is linked with the status of National College of Cricket, then the talent of nation will start growing on the soil of Himachal. We should establish an Art and Architectural Institute focusing on mountain arts, heritage and Vastu Shastra while preserving the one thousand year history of Chamba. On the same lines, while giving the status of State College to ten-twelve colleges of the state, their campuses should be given the vision of not only degree, postgraduate but also research. Actually, there is a need to make educational institutions institutions of vision. Similarly, regional and zonal hospitals should be equipped with modern medicine as well as other methods and state level status should be given for some specific disease. For example, if the hospital in Una is given the status of a state-level orthopedic hospital and research institute, then imagine what the standards of Himachali medicine would be there. People in the state would prefer to go to such special hospitals in Himachal for special diseases instead of neighboring states, depending on their quality. Anyway, at a point where education is choosing specialized colleges, some discussion should also be done on the existence of a central university. By giving energy to Dehra in this fierce dissection of the university, the governments are hitting the possibility that can connect.

It is necessary to defy Trump's threat, America is upset with India's advantage

America calls India a strategic partner in the Indo-Pacific region and sees it as a counter to China. Does anyone threaten its strategic partner with tariffs and publicly rant about its energy policy? Such aggressive steps hurt the trust built over decades in defense technology and economic cooperation. Since the Ukraine war, India has been buying Russian crude oil at concessional rates. This has given India a big economic boost. India is buying 17 to 19 lakh barrels of oil from Russia every day at a much lower price than the Brent crude at which it has been buying oil internationally. This has helped India to keep domestic fuel prices under control, rein in inflation and increase fiscal space for development. This is not an opportunistic policy, but a well-planned step to ensure national energy security in the unstable global market. America is upset with the benefit India is getting. Due to this, the US President has also announced to impose an additional 25 percent tariff penalty on India. This is in addition to the 25 percent tariff. Trump's argument behind imposing penalty on India seems redundant, because he imposes high tariffs and penalties on India for buying Russian oil, but ignores China, which buys the most oil from Moscow. The way India is being targeted in this matter, it is not just a commercial dispute but also challenges our sovereign policy making. US President Trump is pressuring India not to buy oil from Russia when he claims that his talks with Russia are going in the right direction. After India was targeted by him, there has been a stir in oil prices and US markets. In such circumstances, politicization of India's decision to buy oil can hurt the broader energy stability scenario. Anyway, this attitude is being adopted as per convenience. The European Union traded $ 67.5 billion with Russia in 2024. Whereas in 2024 itself, Europe imported a record amount of 16.5 million tonnes of LNG from Russia. This is strengthening the belief in New Delhi that India is being harassed for political reasons, while the US has given exemption to Western allies. If seen, by buying Russian oil, India has not only benefited its economy, but has also helped in controlling global inflationary pressure. India is consuming a large part of Russian oil exports. If India did not do this, then due to increased logistics and other costs, oil prices in the international market could have increased drastically. The world is already troubled by inflation at the level of energy, food and transportation, then in the absence of Russian imports by India, this problem was bound to increase further. The global situation would have gone from bad to worse. On the domestic front too, reducing Russian imports would mean increasing expensive West Asian supplies, bearing high transportation costs and making necessary changes in refineries to refine this new consignment. This will either result in higher fuel prices for consumers or the government will have to increase oil subsidies, which will reduce its fiscal space to spend on infrastructure and welfare schemes. The political aspects of this issue are equally important. The US calls India a strategic partner in the Indo-Pacific region and sees it as a counter to China. Does anyone threaten to impose and increase tariffs on a strategic partner and publicly rant about its energy policy? Such aggressive moves hurt decades of trust in defence, technology and economic cooperation. This will also make India more cautious about future activism with Washington, which will dampen the momentum in bilateral relations. History is witness to the fact that India has always protected its foreign policy autonomy. India did not bow down even during the period of pressure from superpowers. This independent attitude of India in foreign policy was also underlined in the Ukraine war, when India remained firm on its stand despite provocations by Western countries. Recently, Prime Minister Modi also mentioned that in this period of global instability, every country is giving priority to its interests. The Indian Foreign Ministry also clarified that imports from Russia increased in the circumstances arising out of traditional Gulf suppliers turning to Europe and how the US and other Western countries are showing double standards in this matter by purchasing energy from Russia themselves. If India and China stop importing Russian oil in the current circumstances, then the prices of crude oil can suddenly increase by up to $ 20 per barrel. The whole world will be forced to face a period of high prices for a long time along with a stagnation in supply. Cheap Russian oil not only has commercial benefits, but it is also a strong pillar of India's macroeconomic stability, which is also providing balance to the global market. Moving away from it under any kind of political pressure will harm both economic strength and strategic autonomy. When the global energy scenario is facing instability and uncertainty and OPEC Plus countries are indicating possible adjustments in supply and the markets are being affected by diplomatic developments, then India is facing a lot of problems. India should maintain its economic and strategic flexibility at all costs. Energy security is an essential element of national security and any compromise on it under pressure will weaken India's ability to deal with any future crisis. An independent approach in energy policy will not only provide a protective shield to domestic stability but will also be conducive to the long-term health of US-India relations. Aditya Sinha. Since the Ukraine war, India has been buying Russian crude oil at concessional rates. This has given India a big economic boost. India is buying 17 to 19 lakh barrels of oil from Russia every day at a much lower price than the Brent crude at which it has been buying oil internationally. This has helped India to keep domestic fuel prices under control, curb inflation and increase fiscal space for development. This is not an opportunistic policy, but a well-planned step to ensure national energy security in the unstable global market. This benefit that India is getting is troubling America. Due to this, the US President has also announced to impose an additional 25 percent tariff penalty on India. This is in addition to the 25 percent tariff. Trump's reasoning behind imposing penalties on India seems redundant, because he imposes high tariffs and penalties on India for buying Russian oil, but ignores China, which buys the largest amount of oil from Moscow. The way India is being targeted in this matter, it is not just a commercial dispute but also a challenge to our sovereign policy making.

Now our goal should be economic independence, India's progress is growing rapidly

It is our responsibility to gradually expand the freedom that our freedom fighters gave us and achieve economic and technological independence with the same determination. This is the essence of digital Swadeshi, this is the path to developed India and this will be the legacy that we will hand over to the coming generations. India has seen many ups and downs in the journey of 78 years of independence. This journey has not only been of political independence but also of self-respect, self-confidence and self-reliance. Now when we are dreaming of becoming a developed India in 2047, then it is important to understand that only the resolve of 'Nation First' will take us to that golden goal. The coming 21 years are giving us an opportunity to become an economic and technological superpower. India's scientists, engineers and technical experts have proved their talent on the global stage for decades. Even today success stories are being written. The success of Chandrayaan-3 and Mangalyaan in space, unprecedented expansion of digital payment system and world leadership in vaccine manufacturing are proof of our capabilities. Today, the battle for supremacy in the world is not taking place on the battlefield, but on the front of economy, technology and innovation. Countries that have control over data, digital networks and advanced technology will decide the global order of tomorrow. Artificial Intelligence (AI) is the central pillar of this new equation. It is bringing changes in every sector - health, education, agriculture, transport and defence. AI is not just technology, but the basis of economic empowerment and strategic capability. According to NASSCOM, by 2025, AI and data can contribute about $500 billion to India's GDP. The World Economic Forum estimates that by 2030, AI can create about three crore new jobs. India cannot afford to lag behind in this field. It is necessary to assess various AI-based technical applications in every field and increase our capabilities and productivity from it. With the help of AI, we can increase productivity and employment in these areas by predicting production in agriculture, quick diagnosis in health, personal guidance in education, and making accurate plans in disaster management. Just consuming technology will not be enough. We will also have to develop AI algorithms, language models and hardware solutions ourselves. This is also very important for strengthening our digital Swadeshi movement. Today, the scope of Swadeshi is not limited to clothing or agriculture. In the digital age, it means self-reliance on data, software and hardware. According to the government, India's digital economy was 11.7 percent of the national income in the financial year 2022-23 and it can reach 20 percent by 2030. It can become a bigger power than agriculture and manufacturing, provided we keep the technological leadership in our hands. Along with AI, biotechnology, green energy, India is now also entering cutting-edge areas like quantum computing. India has launched the 'National Quantum Mission', which aims to achieve global leadership in quantum technology by 2031. Research and startups going on in this direction can open new doors of digital and national security, innovation and industrial self-reliance in the coming years. Today's global scenario also indicates us to move forward rapidly in this direction. It has now become a global imperative to deal with the energy crisis, environmental challenges, economic instability and security threats. In these complex circumstances, self-reliance is not just an economic policy, but also the basis of national security and stability. India can present a sustainable and inclusive development model based on its ancient civilization, democratic values and cultural diversity. India today has the largest young workforce in the world. We have such a large number of people of working age that if they get the right direction, education and opportunity, they can give unprecedented speed to the country's economic progress. India leads the world in the number of students and professionals learning AI on the Internet. That is, interest and enthusiasm are present in abundance, but despite the number of learners, there is still a gap in the level of skills and efficiency. This means that there is a need to further improve the ability to understand deeply and practically implement what is being learned. If we succeed in filling this gap, then this youth power can create technological solutions not only for India but the entire world. India's goal should not be to simply import or consume technological products and services, but to establish itself as a technological manufacturer, innovator and global leader. This is possible only when we all adopt technical education, research, innovation and entrepreneurship as a national priority. For this, educational institutions and research centers will have to be provided such an environment and resources where they get full opportunity to experiment, innovate and develop next generation technologies. The government, industry and academia should together create an environment that is conducive to technical skill development, startup support and employment generation.

मुरादाबाद में रामपुर और उत्तराखंड के अंडों पर रोक, बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद मुरादाबाद प्रशासन ने उत्तराखंड व रामपुर से आने वाले चिकन और अंडों पर प्रतिबंध लगा दिया है। छजलैट व पाकबड़ा से 35 सैंपल जांच को भेजे गए हैं। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने भी निगरानी बढ़ा दी है। रामपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने उत्तराखंड और रामपुर से शहर आने वाले चिकन व अंडे को प्रतिबंधित कर दिया है। जब तक इन क्षेत्रों की बर्ड फ्लू की रिपोर्ट निगेटिव नहीं आती है तब तक प्रतिबंध जारी रहेगा। रामपुर जिले के बिलासपुर में मुर्गों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद अन्य जिलों में दहशत फैल गई है।डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने छजलैट ब्लॉक के पांच पोल्ट्री फार्मों के मुर्गों और मुर्गियों की जांच की लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं मिली। इसके बाद छजलैट और पाकबड़ा के पोल्ट्री फार्मों से 35 सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए।जिले में 26 पोल्ट्री फार्म हैं। सतर्कता बरतने के लिए पशु चिकित्साधिकारियों ने पोल्ट्री फार्म संचालकों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की सलाह दी है। इस मामले में डीएम ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रामपुर से आने जाने वाले चिकन और अंडे पर रोक लगाने का निर्णय लिया। साथ ही रिपोर्ट शासन को भेज दी। शासन ने उत्तराखंड और रामपुर से आने वाले चिकन को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। जिले के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने पुष्टि की कि उत्तराखंड और रामपुर की तरफ से अंडे लाने और भेजने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि मुरादाबाद अभी तक की जांच में सुरक्षित है। वैसे बर्ड फ्लू वाले क्षेत्र की निगेटिव रिपोर्ट आने में कम से कम तीन माह लग जाएंगे। यह प्रतिबंध कई माह तक जारी रहेगा। उत्तराखंड और रामपुर से काफी मात्रा में चिकन और अंडे आते हैं।

डूबने से सिपाही समेत नौ की जा चुकी है जान, रामगंगा और गागन नदी का जलस्तर घटा..

मुरादाबाद जिले में रामगंगा, गागन समेत नदियां में पानी उफान पर हैं। इससे कई इलाकों में लगातार कटाव हो रहा है। शहर और गांवों में कई जगहों पर रास्ते टूट गए हैं। जिले में 15 दिन के भीतर सिपाही समेत नौ लोगों की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो चुकी है।रामगंगा नदी में आई बाढ़ से वीकनपुर पुल के दोनों तरफ के एप्रोच रोड कटने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। गांव की ओर नदी का बहाव तेज होने से लोग खौफ में हैं। गांव के लोगों का कहना है कि रामगंगा नदी का पानी गांव से करीब 100 मीटर दूर है। गांव के अरविंद, चन्द्रप्रकाश, सुनील, सुमित, अशोक, कमल और दौलत का कहना है कि खलील के चार बीघे टीलेनुआ खेत में आम का बाग है। नदी की धार वहां बह रही है। नदी करीब पौने तीन बीघा खेत काट चुकी है। यदि बचा हिस्सा कट गया तो पानी गांव में घुस जाएगा। गांव में कटान होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को स्थिति से अवगत करा दिया है लेकिन किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली है। रामगंगा विहार और भोलानाथ कॉलोनी में जलभराव मुरादाबाद में महज दस मिनट की बारिश में ही शहर के कई मोहल्ले जलमग्न हो गए। जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से सड़कों पर पानी भर गया और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। रामगंगा विहार, बुद्धि विहार, लाइनपार, प्रभात मार्केट, लाजपतनगर, करुला और भोलानाथ कॉलोनी समेत कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बनी रही। रविवार की दोपहर हुई बारिश के बाद शहर के करीब दो दर्जन से अधिक मोहल्लों में सड़कों पर पानी भर गया। कोर्ट रोड स्थित पशुओं के अस्पताल के पास सड़क तालाब में तब्दील नजर आई। रामगंगा विहार के कई क्षेत्र में लोगों के घरों और दुकानों के अंदर पानी घुस गया। परेशान लोग व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते नजर आए।लाजपतनगर के कुणाल ठाकुर, सतीष गोयल, अनुज आर्य आदि ने कहा कि नाले की साफ-सफाई ठीक तरीके से हुई होती तो कुछ ही देर की बारिश में सड़कों पर पानी नहीं भरता। सबसे ज्यादा समस्या भोलानाथ कॉलोनी में रही। जहां भीषण जलभराव हुआ और लोग घरों में कैद हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार जलभराव कम हुआ तो लोगों ने साफ-सफाई खुद ही कराई थी लेकिन अब फिर से बारिश का पानी भर गया है तो सांप व कीड़े-मकोड़े आने का खतरा फिर से बढ़ गया है।यहां के रहने वाले प्रवीण निगम ने कहा कि निगम ने अवैध कॉलोनी बताकर अपनी जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर लिए हैं। लेकिन यह समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। बारिश का पानी रामगंगा विहार में स्थित वीआईपी कॉलोनी में भी सड़कों पर भर गया। यहां विभिन्न विभागों के अधिकारियों का घर है। यहां कॉलोनी में जाने वाली सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। लाइनपार के मंडी, विकास नगर, ढक्का की पुलिया, कुंदनपुर जैसे इलाकों में जलभराव से लोग परेशान रहे।सिपाही समेत नौ लोगों की जा चुकी है जान मुरादाबाद जिले में रामगंगा, गागन समेत अन्य नदियां उफान पर हैं। पिछले 15 दिन में जिले में सिपाही मोनू कुमार समेत नौ लोगों की पानी में डूबकर मौत हो चुकी है। पिछले दो दिन में मझोला क्षेत्र में दो किशोर भी जान गंवा चुके हैं। गाजियाबाद जिले के लोनी थानाक्षेत्र के बेहटा हाजीपुर निवासी मोनू कुमार (29) 11 अगस्त की रात वह साथी सिपाही अमरपाल के साथ गश्त कर रहे थे। रामगंगा नदी के पानी से बने तेलीघाट में मछुआरे जाल लगाकर मछली पकड़ रहे हैं। दोनों सिपाही मौके पर पहुंच गए थे। जाल हटाने समय सिपाही मोनू कुमार का पैर फिसल गया और वह पानी में बह गए थे। एक सप्ताह पहले कटघर के लोधीपुर बासु निवासी महिला रामवती घास काटते समय पैर फिसलने से रामगंगा नदी में गिर गई थी।

नवजात की मौत.. पुलिस ने दर्ज किया केस, हेल्थ केयर सेंटर संचालिका सलमा नासिर गिरफ्तार

मुरादाबाद में नवजात की मौत मामले में हेल्थ केयर सेंटर की संचालिका सलमा नासिर को गिरफ्तार कर लिया गया है। कटघर थाना क्षेत्र के करूला में सलमा नासिर के हेल्थ केयर पर सीएमओ की टीम तीन बार सील लगा चुकी थी। इसके बाद भी यह अपंजीकृत नर्सिंग होम चलता मिला।मझोला पुलिस ने जयंतीपुर निवासी हेल्थ केयर सेंटर की संचालिका सलमा नासिर को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संचालिका की वजह से एक बच्चे की मौत हो गई। मझोला पुलिस ने 25 अप्रैल को कोर्ट के आदेश पर अर्चना सिंह, हेल्थ केयर सेंटर की सलमा नासिर, मेडविन मल्टीस्पेशियलिटी के डॉ. पवन सैनी और डॉ. इकराम के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया था।इस मामले में कटघर थाना क्षेत्र के मछरिया निवासी शिवकुमार ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उसकी पत्नी सोनी ठाकुर गर्भवती थी। उसकी मुलाकात गांव की ही अर्चना सिंह से हो गई थी जो मझोला में एफसीआई गोदाम के पास रहती है।अर्चना सिंह ने सोनी ठाकुर की नार्मल डिलीवरी कराने का भरोसा दिया। वह जयंतीपुर स्थित सलमा नासिर के हेल्थ केयर सेंटर में उसे लेकर गई थी। 17 नवंबर 2024 को प्रसव पीड़ा होने पर शिवकुमार ने अपनी पत्नी को सलमा नासिर के यहां हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया। आरोप लगाया कि सलमा ने डिलीवरी के दौरान लापरवाही से पंप की मदद से प्रेशर से बच्चे को खींच लिया। इस कारण बच्चे में मानसिक विकृति आ गई। कुछ दिनों बाद उसे मेडविन हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां भी ठीक से इलाज नहीं होने पर उसे मानसरोवर स्थित चाइल्ड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया लेकिन 19 नवंबर 2024 को नवजात की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि रविवार को उप निरीक्षक प्रबोध कुमार और महिला सिपाही सीमा तोमर की टीम ने आरोपी सलमा नासिर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेजा गया है। झोलाछाप के हौसले बुलंद, तीन बार हटाई विभाग की सील कानूनी कार्रवाई न होने से झोलाछापों के हौसले बुलंद हैं। कटघर थाना क्षेत्र के करूला में सलमा नासिर हेल्थ केयर पर सीएमओ की टीम तीन बार सील लगा चुकी है। अब एक बार फिर यह अपंजीकृत नर्सिंग होम चलता मिला। डिप्टी सीएमओ ने सील की कार्रवाई करते हुए इस बार कोर्ट में परिवार दायर करने की तैयारी की है। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल और उनकी टीम ने आईजीआरएस की शिकायत के आधार पर करूला स्थिल सलमा नासिर के अवैध नर्सिंग होम पर छापा मारा। पहले की तरह इस बार भी कोई डिग्री, प्रशिक्षित डॉक्टर या स्टाफ नहीं मिला। झोलाछाप महिला अवैध रूप से ओटी चला रही थी। इसमें वह नॉर्मल व सी-सेक्शन डिलीवरी करती है। अस्पताल में दो महिलाएं भर्ती भी मिलीं। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ तीन बार कार्रवाई की जा चुकी है लेकिन तीनों बार उसने सील हटा दी। सील लगाने के बाद लोहे की ग्रिल लगवाकर ताला लगा दिया गया था। झोलाछाप ने ग्रिल काटकर ताला तोड़ दिया और फिर लोगों की जान से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। विभाग को कोर्ट में परिवाद दर्ज कराने के अलावा कोई और साधन नजर नहीं आ रहा है।

संक्षिप्त समाचार

बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण

मुरादाबाद - अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत श्री गुलाब चन्द्र ने बताया कि जनपद-मुरादाबाद की त्रिस्तरीय पंचायतों का आगामी सामान्य निर्वाचन 2026 हेतु मतदाता सूचियों का वृहद पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 15.01.2026 तक के मध्य संचालित है, जिसके अन्तर्गत बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने वाले का कार्य दिनांक 19 अगस्त 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना है (जिसमें 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे)। ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का वृहद पुनरीक्षण कार्य के अन्तर्गत बीएलओ द्वारा गणना एवं सर्वेक्षण कार्य के अतिरिक्त जनसामान्य द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 19 अगस्त 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक नियत है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करने की अवधि दिनांक 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक की जाएगी। ग्राम पंचायतों के निवासियों को इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपेक्षा की जाती है कि ग्राम पंचायतों में तैनात बी0एल0ओ0 को गणना कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ताकि ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का वृहद पुनरीक्षण कार्य आयोग के निर्देशानुसार भली प्रकार से संपन्न हो सकें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

सेहत बिगाड़ रहा बोतल का दूध.. हर माह 1600 बच्चे कुपोषित, पैदा होने वाले हर चौथे नवजात का वजन 2.5 किलो से कम

मुरादाबाद जिले में कुपोषण की स्थिति चिंताजनक है। हर महीने औसतन 1600 बच्चे कुपोषण से पीड़ित पाए जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण बच्चों को पर्याप्त मां का दूध न मिलना और बोतल के दूध पर ज्यादा निर्भरता, सिजेरियन डिलीवरी और स्तनपान से बचने की प्रवृत्ति सामने आई है।आधुनिक युग के अधिकांश बच्चों को पर्याप्त मात्रा में मां का दूध और देसी माखन नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि बोतल का दूध पीने से उन्हें ठीक से पोषण नहीं मिल रहा है। हालात यह है कि जिले में हर महीने 1600 बच्चे कुपोषण से पीड़ित मिल रहे हैं। यह आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग का है।मां का दूध न मिलने की वजह सिजेरियन डिलीवरी और बच्चे को स्तनपान कराने से बचने की आदत है। तमाम बच्चे ऐसे भी हैं, जो विभाग के सर्वे में नहीं आए हैं। गर्भावस्था में महिला को सही खानपान और जन्म के बाद बच्चे को मां का दूध न मिलने से यह समस्या हो रही है।महिला अस्पताल का पिछले तीन माह का आंकड़ा कहता है कि यहां पैदा होने वाले हर चौथे नवजात का वजन 2.5 किलो से कम है। जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले हर दूसरे बच्चे का वजन उम्र के सापेक्ष कम है। शहर में कुपोषित बच्चों का आंकड़ा देहात क्षेत्रों से दोगुना है। यहां सबसे ज्यादा 454 बच्चे जुलाई 2025 में कुपोषित मिले हैं। इसके बाद बिलारी 220 बच्चों की संख्या के साथ दूसरे स्थान पर है। यह आंकड़ा शून्य से छह साल तक के बच्चों का है। प्रशासनिक अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के लिए यह बड़ी चिंता है लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा है। डॉक्टरों का मानना है कि बच्चों को प्रोटीन, आयरन युक्त आहार न मिलना इसका बड़ा कारण है। आयरन की कमी वाले औसतन दो बच्चे हर दिन अस्पताल में आ रहे हैं। इन्हें चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती कर ब्लड चढ़ाना पड़ता है। मोटापा भी कुपोषण का कारण, इनका कोई सर्वे नहीं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बीके दत्त और डॉ. शलभ अग्रवाल का कहना है कि पिछले आठ वर्षों में कुपोषण का ग्राफ बदला है। अंडर वेट वाले बच्चे कम हुए हैं। ज्यादा वजन वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह बच्चे भी कुपोषित की श्रेणी में आते हैं। जंक फूड खाने व शारीरिक गतिविधि न होने के कारण इनमें शुगर की समस्या उत्पन्न हो गई है। एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ. सैयद मो. रजी की ओपीडी में ऐसे केस आए हैं, जिनमें 12 साल के बच्चे का वजन 90 किलो है। बाल विकास विभाग ऐसे बच्चों का कोई सर्वे नहीं करता, जबकि जिलाधिकारी भी बैठक में कई बार इस विषय पर चर्चा कर चुके हैं। क्षेत्र (ब्लॉक/शहर) कुपोषित बच्चों की संख्या मुरादाबाद शहर 454 बिलारी 220 कुंदरकी 199 मुरादाबाद देहात 164 डिलारी 158 छजलैट 138 मूंढापांडे 130 भगतपुर टांडा 96 ठाकुरद्वारा 89 नोट- यह आंकड़ा जुलाई 2025 का है। कुपोषित बच्चों के लिए जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र हैं। सभी 10 बेड फुल हैं। हर दिन औसतन दो बच्चे यहां भर्ती करने पड़ते हैं। 14 दिन तक इन्हें प्रोटीन व आयरन युक्त आहार दिया जाता है। इसके बाद हर 15 दिन में फॉलोअप के लिए बुलाते हैं। -डॉ. राजेंद्र कुमार, चिकित्साधीक्षक वर्तमान में अंडरवेट और ओवरवेट दोनों बच्चों की संख्या लगभग समान है। दोनों की चिंता अनिवार्य है। अंडरवेट वालों को अच्छा आहार देकर पोषित किया जा सकता है। ओवरवेट वाले बच्चों को मोबाइल, जंक फूड से दूरी बनानी होगी। भविष्य में शुगर, बीपी, हृदय रोगों का खतरा है। - डॉ. शलभ अग्रवाल, बाल रोग विशेषज्ञ

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

विश्व हिंदू परिषद ने उर्स और जयंतियों पर सरकारी विद्यालयों को बंद किए जाने का जताया विरोध

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। आगामी उर्स और जयंतियों के दौरान सरकारी विद्यालयों को अस्थायी तौर पर बंद किए जाने का विश्व हिंदू परिषद ने विरोध जताया है। परिषद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हर वर्ष उर्स के समय जारियां शहर के कई सरकारी विद्यालयों में रुकते हैं, जिससे विद्यालयों की पढ़ाई बाधित होती है और बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के लिए बने हैं, न कि किसी धार्मिक आयोजन या अन्य उपयोग के लिए। उन्होंने मांग की कि सरकारी विद्यालयों में किसी भी प्रकार की अस्थायी रुकने या ठहरने की अनुमति न दी जाए। परिषद ने यह भी कहा कि कानाफूसी के चलते सड़क पर सोने वाले लाखों कांवरियों के साथ दुर्घटनाएं हो जाती हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन बार-बार सरकारी विद्यालयों को खोलकर जयंतियों के लिए उपलब्ध करा देता है, जो उचित नहीं है। विहिप का कहना है कि हिंदू और मुसलमानों के लिए दो अलग-अलग कानून लागू नहीं होने चाहिए। यदि किसी समुदाय को विद्यालय उपयोग की अनुमति नहीं दी जाती तो दूसरे समुदाय को भी यह सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। परिषद ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि सरकारी विद्यालयों में उर्स या जयंतियों के दौरान किसी प्रकार का ठहराव कराया गया तो हिंदू समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा। प्रेसवार्ता में द्वारिकेश मोहन, पियुष कुमार मोहन, अरविंद कुमार, गोविंद, कपिल शर्मा, तेजपाल, जितपाल पाल सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

10 साल के ममेरे भाई की हत्या

पुलिस ने मुठभेड़ में हत्यारे, को फायरिंग कर पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। फतेहगंज पश्चिमी के गांव टिटौली निवासी दस साल के आहिल पुत्र सखावत की शाही क्षेत्र के जंगल में ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी उसका फुफेरा भाई 28 वर्षीय वसीम पुत्र नफीस निकला। उसे पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। जानकारी मिलने पर रात में ही एसएसपी अनुराग आर्य ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे थाने पर सखावत ने बेटे आहिल के शाम पांच बजे से लापता होने की सूचना दी। आहिल की तलाश में टीम जुटी। इसी दौरान सखावत के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से दस लाख रुपये की फिरौती मांगने का मैसेज आया। जांच में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली, जिसमें आहिल का फुफेरा भाई वसीम उसे बाइक से शाही की ओर ले जाता दिखा। जांच के बाद वसीम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने आहिल के अपहरण की बात स्वीकार की। कहा कि आहिल के पिता यानि अपने मामा से दस लाख रुपये की फिरौती मांगी। जब उसे पता लगा कि मामा सखावत पुलिस के संपर्क में हैं तो थाना शाही क्षेत्र के गांव विक्रमपुर के जंगल में ले जाकर आहिल की ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी। फिर शव झाड़ियों में छिपा दिया।

गौसेवक कन्हा गौशाला पहुंचकर गौशाला मे पशुओं को हरा चारा और गुड़ खिलाकर कि गौसेवा

क्यूँ न लिखूँ सच/ न्यूरिया - नगर में स्थित कन्हा गौशाला में आज कस्बे के व्यापार मंडल जिलाउपाध्यक्ष अखलेश गुप्ता और भाजपा के मंडल मंत्री गौरव शर्मा के साथ मझोला से कपिल अग्रवाल जिला प्रतिनिधि मा संजय सिंह गंगवार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूवा व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश कस्बे के व्यापरियो के साथ कन्हा गौशाला पहुंचकर कि गौसेवा अखलेश गुप्ता ने बताया कि आज कस्बे के गौसेवक कन्हा गौशाला पहुंचकर गौशाला मे पशुओं को हरा चारा और गुड़ खिलाकर कि गौसेवा और कपिल अग्रवाल जी ने बताया की । गत 15 अगस्त को रात्रि 10.15 बजे न्यूरिया कान्हा गोसदन में कुछ गंभीर अनियमितताओं की सूचना वहां के गौ प्रेमियों द्वारा मुझे दी गई जिस पर तत्काल जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत श्रीमान ज्ञानेंद्र सिंह जी को इस विषय से अवगत कराया, त्वरित कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने उसी रात्रि 11 बजे तक बड़े प्रशासनिक अधिकारियों समेत पूरे जिम्मेदार अमले को उक्त गौ सदन में भेज कर अधिकांश समस्याओं का निस्तारण रात्रि में ही करवा दिया शेष पर भी अगले दिन कार्यवाही शुरू हो गई। इस द्रुत गति से रात के 11 बजे समस्या की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी द्वारा जिस प्रकार संज्ञान लिया गया और सार्वजनिक अवकाश का दिन होने के उपरांत भी उसी समय कार्यवाही प्रभावी हुई, यह देखना एक अत्यंत सुखद आश्चर्य था। इतने सरल, करुण हृदय, गौ प्रेमी, कर्तव्य निष्ठ जिलाधिकारी महोदय श्रीमान ज्ञानेंद्र सिंह जी को पूरे क्षेत्र की ओर से कोटि कोटि धन्यवाद। गौ सेवक टीम के रोहित पाण्डेय मुकेश गुप्ता महेश शर्मा बजरंग अग्रवाल पवन अग्रवाल टिंकू कश्यप ओमप्रकाश शर्मा निरंजन राठौर राकेश गुप्ता सभी सदस्य उपस्थित रहे

न्यूरिया की कान्हा गौशाला मे गौ सेवा करते गौ सेवक

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

श्री हरि मंदिर का 65 वां बार्षिक महोत्सव में श्रीमद भागवत की निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन, बरेली के 65 वा विराट भक्ति वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद भागवत कथा के शुभ आरम्भ से पूर्व मांगलिक दिव्य कलश यात्रा निकली गई। दिव्य मांगलिक कलश यात्रा में 108 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश ले करके सबसे आगे चल रही थी। शोभा यात्रा में श्री हरि मंदिर संकीर्तन मंडल के भक्तों ने श्री हरि नाम संकीर्तन की रस धारा बहाई। नगर वासियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर करके जोरदार स्वागत किया। पठानकोट से पधारे पूज्य भागवत भूषण श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने रथ पर विराजमान होकर दर्शन और आशीर्वाद दिया। शोभा यात्रा में बैंड बाजे,संकीर्तन एवं भगवान श्री राधा कृष्ण की सजल झांकी आती शोभायमान लग रही थी। कलश यात्रा के पश्चात आचार्य जी के सानिध्य में श्री भागवत जी का विधिवत पूजन कथा के यजमान सुप्रिया-अंकित अग्रवाल , श्रुति -अनुज अग्रवाल, (मनी) शीशगढ़ वालों ने कराया । पठानकोट से पधारे पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी ने श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से वर्तमान एवं भविष्य दोनों को शांति मिलती है। भागवत सर्व श्रेष्ठमान है, क्योंकि यह सबसे सरल एवं कलयुग में मानव के कल्याण के लिए, सबसे उत्तम और कल्याणकारी यज्ञ है। कलयुग में उठते बैठते,चलते फिरते यहां तक की स्वास लेते हुए भी भागवत जी का ध्यान करते रहे, सतयुग, द्वापर ,त्रेता में कठिन भक्ति करने वाले के उपरांत भी मुक्ति कठिन होती थी,परंतु कलयुग में केवल नाम स्मरण से ही मुक्ति के द्वार खुल जाते हैं। मौत का भय नष्ट हो जाता है। प्रातः उठते ही मंगलाचरण में सबसे पहले भगवान का नाम आने से दिनचर्या सुगम एवं सुखद रहती है। श्रीमद्भागवत कथा 24 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से 10 बजे तक होगी।आप सभी सादर सपरिवार आमंत्रित हैं। आज के कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, सचिव रवि छाबड़ा ,अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, अनिल चढ़ा,हरीश लुनियाल,दीपक साहनी, राजेश अरोड़ा, संजीव अरोड़ा, विनोद भाटिया, सचिन सेठी,अतुल कपूर,कथा के यजमान सुप्रिया अंकित अग्रवाल, शुभ अनुज अग्रवाल शीशगढ़ वाले आदि उपस्थित रहे । महिला सेवा समिति की अध्यक्ष रेनू छाबड़ा, कंचन अरोड़ा, नीलम साहनी, नेहा आनंद, नीलम लुनियाल, ममता ओबेरॉय ,सीमा तनेजा, प्रवेश कोचर, निशा लखानी, अलका छाबड़ा, विमल सोंधी,मीरा कथूरिया आदि उपस्थित रहीं ।

आरक्षण और वोट खत्म कर रही है भाजपा- अताउर रहमान

